SL. No. : FF

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 58 ]
Total No. of Questions : 58 ]

**CCE PR**
**UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2018 ] [ Date : 04. 04. 2018

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 58 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

Tear here



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 9 × 1 = 9

1. रेस्तराँ का मालिक कौन था ?
2. तिम्मक्का दंपति ने जानवरों के लिए क्या इंतज़ाम किया ?
3. कंबार को लोक-साहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?
4. पारदर्शी प्रशासन कैसे संभव है ?
5. 'सिलिकान सिटी' नाम से प्रख्यात नगर कौन-सा है ?
6. कवि भगवतीचरण वर्मा भगवान से क्या निवेदन कर रहे हैं ?
7. आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?
8. बालकष्ण किससे शिकायत करता है ?
9. हंस का गुण कैसा होता है ?

II. 10. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 5 × 1 = 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) नोबेल पुरस्कार | i) खेल-कूद से वंचित |
| आ) तिम्मक्का के माँ-बाप पेट पालते | ii) खेल कर |
| इ) लेखक का बचपन | iii) गीतांजलि की रचना |
| ई) ग्वाल मित्र हँसते हैं | iv) भिखारी |
| उ) हमारी अभिलाषाएँ | v) कंबार जी को मिला |
| | vi) प्रभु की कृपा से पूर्ण |
| | vii) चुटकी बज़ाकर |
| | viii) मेहनत-मज़दूरी कर । |

www.careerindia.com

CAREERINDIA



III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 5 × 1 = 5

11. भक्तों के भगवान : कहानी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ......................

12. गिल्लू की पूँछ : झब्बेदार : : गिल्लू की आँखें : ......................

13. तिम्मक्का का जन्म : कक्नेनहल्ली : : कंबार जी का जन्म : ......................

14. आधुनिक तकनीको का विश्लेषण : इंटरनेट क्रांति : : आधुनिक मानव का विश्लेषण : ....................

15. कृष्ण का रंग : काला : : नंद और यशोदा का रंग : ...................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28

16. राष्ट्रभाषा हिंदी के बारे में कंबार जी के विचार क्या हैं ?

17. शांतिनिकेतन का आशय क्या था ?

18. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ?

19. भिखारी को बालक पर क्यों दया आयी ?

20. अंग्रेजी अध्यापक से साहनी जी को कैसी प्रेरणा मिली ?

21. लेखक परसाई ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

22. कर्नाटक के किन साहित्यकारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हैं ?

23. सामाजिक कार्य में तिम्मक्का का क्या योगदान है ?

24. तुलसीदास जी ने मुखिया के बारे में क्या कहा है ?

25. माता यशोदा से कृष्ण क्यों नाराज़ है ?

26. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

27. भारत माँ का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

28. शनि ग्रह का वायुमंडल किससे बना है ?

**अथवा**

शनि को ठंडा ग्रह क्यों कहते हैं ?

29. समय को अमूल्य क्यों माना जाता है ?

**अथवा**

सत्य के बारे में गाँधीजी का विचार क्या था ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 5 × 3 = 15

30. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री में दिन कैसे बिताए ?

32. भिखारी और करोड़पति में से आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं ? क्यों ? स्पष्ट कीजिए ।

33. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य कैसा है ? विवरण दीजिए ।

34. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरू जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर-बाहिरौ जो चाहसी उजियार ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

35. पं० राजकिशोर मानवता की मूर्ति थे । स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए ।

36. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 1 × 4 = 4

विमल ...............................................
...........................................................
...........................................................
............................................ रही है ।

**अथवा**

तुलसी साथी ............................................ ।
........................................... भरोसो एक ।।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## खण्ड - ख

## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 10 × 1 = 10

37. 'माला' शब्द का बहुवचन है —

(A) माल (B) माला

(C) मालाएँ (D) मालाओं ।

38. 'अमीर' का विलोम शब्द है —

(A) धनिक (B) गरीब

(C) श्रमिक (D) मेहनती ।

39. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है —

(A) लड़की (B) बहन

(C) माँ (D) बाप ।

40. 'परमौषध' शब्द में संधि है —

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) अयादि ।

41. कर्नाटक ..................... राजधानी बेंगलूरु है ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा —

(A) को (B) का

(C) के (D) की ।

42. निम्न में 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है —

(A) फल-फूल (B) पंचवटी

(C) दशानन (D) राजमहल ।

43. 'करना' शब्द का प्रथम-प्रेरणार्थक क्रिया है —

(A) करवाना (B) किया

(C) कर (D) कराना ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



44. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है —

(A) परिश्रम करना
(B) पसीना आना
(C) परिचित होना
(D) बहाना बनाना ।

45. ताजमहल कहाँ है ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है —

(A) पूर्ण विराम
(B) उद्धरण
(C) प्रश्नवाचक
(D) अल्प विराम ।

46. 'मकान' का पर्यायवाची शब्द है —

(A) घर
(B) मर
(C) पर
(D) नर ।

**खण्ड - ग**

**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )**

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$

एक किसान था । उसके चार लड़के थे । उनमें मेल न होने के कारण वे अक्सर लड़ते रहते थे । किसान लड़कों के लड़ने की हालत देखकर बहुत दुःखी हुआ । किसान मन-ही-मन सोचता था कि मेरे मरने के बाद चारों लड़के अलग-अलग हो जाएँगे । किसान ने उनमें एकता लाने के लिए चारों लड़कों को बुलाया और कहा — "मिल-जुलकर रहने से ताकत बढ़ती है, एकता में बल है ।"

47. किसान के बेटे क्यों लड़ते थे ?

48. किसान के दुःख का क्या कारण था ?

49. किसान ने क्या सोचा ?

50. इस कहानी का क्या संदेश है ?

51. किसान के कितने लड़के थे ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5

52. आज का युग इंटरनेट युग है ।

53. रवींद्रनाथ ठाकुर श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

54. मैं आपके प्रति अत्यंत आभारी हूँ ।

55. घोडगेरी गाँव घटप्रभा नदी के तट पर है ।

56. गिल्लू सुराही पर लेट जाता था ।

X. 57. कोई कारण देते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए । 1 × 5 = 5

**अथवा**

अपनी सहेली को गर्मियों की छुट्टियों में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।

XI. 58. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : 1 × 5 = 5

क) जनसंख्या की समस्या

* विषय प्रवेश
* वृद्धि के उपाय
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) पर्यटन का महत्व

* विषय प्रवेश
* पर्यटन – एक शौक
* पर्यटन से लाभ
* उपसंहार ।

ग) कर्नाटक का वैभव

* विषय की भूमिका
* प्राकृतिक स्वरूप
* विशेषताएँ
* उपसंहार ।

www.careerindia.com

www.careerindia.com